ports

Amar Ujala - 26/Dec/22

खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

ग्रेटर नोएडा (संवाद)। क्वींस कार्मेल विद्यालय में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ''यूफोरिया'' का आयोजन हुआ। चेयरमैन अनिल सचदेवा और डायरेक्टर दीपक जैन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ पूरी करने की शपथ दिलाई। कक्षा 4, 5 और 6 की छात्राओं ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। उसके बाद ताइक्वांडो ड्रिल से छात्राओं ने आत्मरक्षा की प्रतिभा और शक्ति का परिचय दिया। स्केटिंग के छात्रों ने जय हो गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। नर्सरी और अन्य कक्षा के छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।